राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की अध्यक्षता में रेड क्रॉस सोसायटी की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित

रक्तदान, अंगदान, देहदान से जुड़ी भ्रांतियों के निवारण में जागरूकता के लिए कार्य हो

नवगठित 17 जिलों में रेडक्रॉस शाखाओं का तेजी से विस्तार किया जाए—राज्यपाल

जयपुर, 22 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि प्रदेश में नवगठित 17 जिलों में इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखाओं के विस्तार का कार्य तेजी से किया जाए। उन्होंने जिला कलेक्टरों द्वारा रेडक्रॉस जिला शाखाओं में सदस्यों की संख्या बढ़ाए जाने, सर्वाइकल कैंसर और अन्य रोगों के प्रति जागरूकता के साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में रेडक्रॉस गतिविधियों के लिए विशेष प्रयास करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने रक्तदान, अंगदान और देहदान के लिए लोगों को प्रेरित करने और इससे जुड़ी भ्रांतियों के निवारण में भी जागरूकता का आह्वान है।

श्री मिश्र गुरुवार को राजभवन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में जिन रेडक्रॉस शाखाओं के भवन नहीं हैं, वहां जिला कलेक्टर स्तर पर भूमि आवंटन की कार्यवाही भी त्वरित की जाए। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों को एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण देने के साथ सामाजिक सेवाओं के लिए प्रेरित किए जाने की आवश्यकता जताई।

राज्यपाल ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्रो की संख्या में बढ़ोतरी किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के जरिए अंगदान, देहदान, नशामुक्ति अभियान, रक्तदान शिविर आदि में जन भागीदारी बढ़ाई जाए।

श्री मिश्र ने पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि रेड क्रॉस आपदा के समय ही नहीं सामान्य परिस्थितियों में भी सेवा और सहायता के लिए निरंतर तत्पर रहें। उन्होने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आकस्मिक दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों की प्राथमिक चिकित्सा के जरिए जान बचाने के लिए भी आम जन में जागरूकता प्रसार की आवश्यकता जताई। इससे पहले श्री मिश्र ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा की राज्य प्रबंध समिति के चेयरमैन श्री राजेश कृष्ण बिड़ला एवं अन्य सदस्यों को बधाई और शुभकामना दी।

राज्यपाल ने समीक्षा बैठक में ''रेडक्रॉस टाइम्स'' न्यूज लेटर का भी लोकार्पण किया। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, राजस्थान के अध्यक्ष श्री राजेश कृष्ण बिरला ने रेड क्रॉस की सामाजिक गतिविधियां और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखाओं द्वारा अस्पताल गोद लेकर वहां स्वच्छता और अन्य कार्य किए जाने, आदिवासी क्षेत्रों में एनीमिया से बचाव, एंबुलेंस सेवाओं को प्रभावी करने के सुझाव दिए। राज्यपाल के सचिव श्री गौरव गोयल ने रेडक्रॉस गतिविधियों के बारे में और किए जाने वाले भविष्य के कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंद राम जायसवाल, रेडक्रॉस सोसाइटी के महासचिव श्री जगदीश जिंदल, राज्य शाखा के पदाधिकारी और अन्य अधिकारी इस अवसर उपस्थित रहे।

———

इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी
राज्य शाखा, जयपुर, राजस्थान
समीक्षा बैठक
दिनांक– 22.02.2024

राजभवन
राजस्थान

राजभवन
राजस्थान